# UNIVERSITY NEWS 02 SEPTEMBER 2026

AMRIT VICHAR

## सीसीआरएच ने लविवि में आयोजित की कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एग्रोहोम्योपैथी पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

**अमृत विचार:** केंद्रीय आयुष मंत्रालय के सेंट्रल काउंसिल ऑफ रिसर्च इन होम्योपैथी (सीसीआरएच) की औषधीय पौधों के अनुसंधान में वैज्ञानिक सटीकता, गुणवत्ता और मानकीकरण को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में मंथन किया गया। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में औषधीय पौधों की सैंपलिंग प्रक्रियाओं पर संवेदनशीलता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी वनस्पति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने की।

विशेषज्ञों ने बताया कि औषधीय पौधों के उचित नमूना संग्रह से उनकी पहचान, प्रामाणिकता, गुणवत्ता और अनुसंधान परिणामों की पुनरुत्पादकता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है।

तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ. लिपि पुष्पा, डॉ. भारती वाधवा, डॉ. दिग्विजय वर्मा और डॉ. सतीश पटेल ने किया। विशेषज्ञों ने प्रतिनिधि नमूने के चयन, संग्रह की वैज्ञानिक तकनीकों, आवश्यक दस्तावेजीकरण, नमूनों के रखरखाव एवं संरक्षण तथा संग्रह के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा मोनोग्राफ के लिए उच्च गुणवत्ता वाली संदर्भ सामग्री तैयार करने से जुड़े उन्नत सैंपलिंग पहलुओं पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में एग्रोहोम्योपैथी पर भी विशेष चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने टिकाऊ कृषि के संदर्भ में इसके संभावित उपयोग, पौधों की वृद्धि, उत्पादन में वृद्धि, तनाव सहनशीलता और पौध स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विचार साझा किए। साथ ही एग्रोहोम्योपैथिक पद्धतियों के प्रभावों की वैज्ञानिक पुष्टि के लिए व्यवस्थित अनुसंधान की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

DAINIK JAGRAN

## लखनऊ विश्वविद्यालय में खेल कोटे से सीधे प्रवेश

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 में खेल कोटे के तहत विभिन्न विषयों में सीधे प्रवेश के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 7 सितंबर निर्धारित की है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों को 7 सितंबर शाम 3 बजे तक प्रवेश समन्वयक कार्यालय से एलयूआरएन नंबर प्राप्त करना होगा। इसके बाद 8 सितंबर शाम 5 बजे तक मूल शैक्षणिक व खेल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, दो नवीनतम फोटो और दो स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ आवेदन जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (जासं)

AMAR UJALA

## औषधीय पौधों पर शोध में वैज्ञानिक सटीकता जरूरी

लखनऊ। औषधीय पौधों पर शोध को अधिक प्रमाणिक और प्रभावी बनाने के लिए वैज्ञानिक एवं मानकीकृत सैंपलिंग प्रक्रिया अपनाना जरूरी है। इसी उद्देश्य से केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद (सीसीआरएच), नई दिल्ली की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में औषधीय पौधों के सैंपलिंग प्रक्रिया पर संवेदनशीलता एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मेजबानी वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने की। विशेषज्ञों ने बताया कि सही सैंपलिंग से पौधों की पहचान, प्रामाणिकता, गुणवत्ता और शोध परिणामों की पुनरुत्पादकता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## छात्रों को सिखाए तनाव प्रबंधन के मंत्र

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में दीक्षारंभ-2026 के दूसरे दिन नवप्रवेशित एमबीए विद्यार्थियों के मानसिक कल्याण और शैक्षणिक तैयारी पर जोर दिया गया। उन्हें तनाव से निपटने, भावनात्मक संतुलन बनाए रखने और अनुशासित दिनचर्या अपनाने के तरीके बताए गए। रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्र ने कहा, स्नातकोत्तर शिक्षा में शैक्षणिक दबाव और भावनात्मक थकान बड़ी चुनौतियां होती हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

## लविवि में खेल कोटे से सीधे प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए खेल कोटे के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक खिलाड़ी आठ सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। हालांकि कितनी सीटें खेल कोटे में निश्चित हैं, इसकी जानकारी विवि प्रशासन को भी नहीं है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आठ सितंबर शाम पांच बजे है। अभ्यर्थियों को सात सितंबर दोपहर तीन बजे तक प्रवेश कार्यालय से लखनऊ विश्वविद्यालय पंजीकरण संख्या (एलयूआरएन) लेनी होगी। लखनऊ विवि एथेलेटिक एसोसिएशन के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य का कहना है कि खेल कोटे में सीटें निश्चित नहीं हैं। पिछले साल पांच प्रवेश हुए थे और उससे पहले केवल दो प्रवेश ही हुए थे। खिलाड़ियों का चयन क्रीड़ा परिषद करेगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN

## एलयू में खेल कोटे से सीधे प्रवेश का मौका

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए खेल कोटे के तहत विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश के लिए खिलाड़ियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर प्रवेश प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जारी सूचना के मुताबिक, अभ्यर्थी 7 सितंबर 2026 को दोपहर 3 बजे तक प्रवेश समन्वयक से संपर्क कर प्रवेश कार्यालय से एलयूआरएन प्राप्त कर सकते हैं। जिन विद्यार्थियों के पास नंबर पहले से है, उन्हें नया नंबर लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

AMRIT VICHAR



दीक्षारंभ कार्यक्रम में मौजूद विभागाध्यक्ष व अन्य।

## धूमधाम से हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग द्वारा सत्र 2026-2027 के विभिन्न परास्नातक पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी द्वारा नवागत विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों एवं फील्ड वर्क सुपरवाइजरों के मध्य स्वागत भाषण एवं संवादात्मक सत्र के साथ हुआ। प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने विश्वविद्यालय एवं विभाग के इतिहास तथा कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। प्रो. संदीप गिरि ने मानव गरिमा एवं सामाजिक न्याय विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज कार्य के नैतिक आधारों पर बल दिया।

NBT

## खेल कोटे से दाखिले का मौका

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय व डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय मे खेल प्रतिभाओं को दाखिले का मौका दिया जा रहा है। दोनो ही विवि मे खेल कोटे के तहत दाखिले के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। इसके लिए सात सितंबर आवेदन की अंतिम तिथि है। लखनऊ विवि मे प्रवेश समन्यक कार्यालय मे छात्रो को आवेदन करना होगा। सात सितंबर दोपहर तीन बजे तक आवेदन जमा करना होगा। वही शकुंतला विवि मे खेल कोटे की खाली 109 सीटो पर प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए है। इच्छुक अभ्यर्थियो को विश्वविद्यालय के कमरा नंबर 207 (ए) मे आवेदन जमा करना होगा। खेल कोटे मे बीटेक की सबसे ज्यादा 24 और बीए की 20 सीटें शामिल है।

TIMES OF INDIA

## LU spreads HPV, cancer awareness

Lucknow University organized a two-day awareness programme under the "Anandi Maa – Save a Life Campaign and Cancer-Free India Journey." on Tuesday. Over 1,500 students and faculty members participated in awareness sessions, rallies, street plays and poster competitions on HPV vaccination and cervical cancer prevention.

HINDUSTAN

## पीजी छात्रों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम शुरू

लखनऊ। एलयू के समाज कार्य विभाग में नवप्रवेशित परास्नातक विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को अभिविन्यास कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम मे मास्टर ऑफ सोशल वर्क, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, एमए इन क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन तथा मास्टर ऑफ पॉपुलेशन स्टडीज एंड रूरल डेवलपमेंट के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी के स्वागत संबोधन और संवादात्मक सत्र से हुई।

## एलयू में बीबीए एलएलबी का छठा सीट आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक प्रवेश के तहत बीबीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम) का छठा सीट आवंटन परिणाम जारी कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, मेरिट के आधार पर रिक्त सीटों के सापेक्ष सीट आवंटन किया गया है। अभ्यर्थी 2 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे के बाद अपने आवेदन पत्र संख्या की सहायता से ऑनलाइन सीट आवंटन की स्थिति देख सकेंगे।